(b) 1 lie loial financial assistance provided itnder the scheme during the last three years as on 31-3-1993 is as under :

(Rupees in lakhs)

	1990-91	1991-92	1992-93
Central-State Quota	16.97	18.77	40.76
Central Quota	5.91	6.99	18.70
Central-UT Quota	0.14	0.15	0.41

Funds are not allocated State-wise.

(c) The total budgetary allocation during the Eighth Five Year Plan is Rs. 150.00 lakhs.

*349. *[Transferred to the 22nd March,* 1993].

जबलपुर में पटपरहा जलाशय परियोजना

*350. **श्री शिव प्रसाद चानपुरिया** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में जबलपुर जिले की पटपरहा जलाशय परियोजना को पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा दिनांक 8 जुलाई, 1992 के अपने पत्र द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत स्वीकृति दिए जाने के परिप्रेक्ष्य में क्या पटपरहा जलाशय में आगामी चानसून में जल भण्डारण किया जायेगा; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) पर्यावरण और वन मंत्रालय ने पटपरहा टैंक परियोजना के लिए 43.3 हेक्टेयर वन भूमि व्यपवर्तित करना सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर लिया है । राज्य सरकार ने शर्तों की अनुपालना करनी है तथा वनभूमि का वास्तविक अंतरण होने से पहले वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अंतर्गत औपचारिक अनुमोदन प्राप्त करना है ।

देश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र

*351. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में 400 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाढ़ आ सकती है;

(ख) क्या यह भी सच है कि अब तक केवल 140 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को ही बाढ़ से सुरक्षित किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो शेष क्षेत्र को अभी तक बाढ़ से सुरक्षित न किए जाने के क्या कारण हैं ?

जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) देश में 400 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होता है । 320 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जिसे समीचित स्तर तक सुरक्षा प्रदान की जा सकती है, में से, लगभग 140 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान की गयी है । तकनीकी आर्थिक बाधाओं के कारण शेष क्षेत्रों को शीघ्र सुरक्षा प्रदान करने में कठिनाई हो रही है ।

Consftrifction of weir near borders of M.P. and U.P. States

*352. SHRI LAKKHIRAM AGARWAL:

SHRI KAILASH NARAIN SARANG :

Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Uttar Pradesh is constructing a weir near borders